अव्यवस्था कार्रवाई ठप, नालियां हो रहीं जाम, मवेशियों की जान पर बढ़ता खतरा

प्लास्टिक मुक्त शहर का सपना अधूरा, खुलेआम बिक रही पॉलीथिन

नवभारत,जबलपुर। हर वर्ष 3 जुलाई को इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलीथिन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े और जूट के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देना है। लेकिन शहर में यह अभियान केवल कागजों तक सीमित नजर आ रहा है। प्रतिबंध के बावजूद बाजारों में खुलेआम पॉलीथिन की बिक्री जारी है और लोग भी इसका धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं।

प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रही पॉलीथिन

देशभर में 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की कई वस्तुओं के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लागू किया गया था। इसके बावजूद शहर के कई बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथिन आसानी से उपलब्ध है। दुकानदार ग्राहकों को बिना किसी रोक-टोक के प्लास्टिक की थैलियों में सामान दे रहे हैं, जिससे प्रतिबंध का असर कहीं दिखाई नहीं देता।

कचरे से जाम हो रही नालियां

बारिश के मौसम में पॉलीथिन सबसे बड़ी समस्या बनकर सामने आती है। सड़कों और बाजारों में फेंकी गई प्लास्टिक थैलियां नालियों में पहुंचकर पानी के बहाव को रोक देती हैं। इससे नालियां जाम हो जाती हैं, जलभराव की स्थिति बनती है और गंदगी के कारण मच्छरों एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।

प्लास्टिक से पशुओं की जान पर खतरा

शहर में खुले घूमने वाले गाय, बैल और अन्य मवेशी कचरे के साथ पॉलीथिन भी निगल लेते हैं। इससे उनके पेट में प्लास्टिक जमा हो जाती है, जो गंभीर बीमारी और कई बार उनकी मौत का कारण बनती है। पशु चिकित्सकों के अनुसार ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जिनमें पशुओं के पेट से ऑपरेशन के दौरान बड़ी मात्रा में प्लास्टिक निकाली जाती है।

पहले होती थी कार्रवाई अब नहीं दिख रही सख्ती

नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभाग पहले समय-समय पर पॉलीथिन जब्त करने और जुर्माना लगाने की कार्रवाई करते थे। बाजारों में छापेमारी भी होती थी, जिससे लोगों में कुछ हद तक डर बना रहता था। लेकिन लंबे समय से ऐसी कार्रवाई न के बराबर दिखाई दे रही है। इसका फायदा उठाकर कई दुकानदार फिर से प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग और बिक्री कर रहे हैं।

जनजागरूकता के साथ सख्त कार्रवाई जरूरी

पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि केवल प्रतिबंध लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। जब तक नियमित जांच, प्रभावी कार्रवाई और लोगों में जागरूकता नहीं बढ़ेगी, तब तक पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद होना मुश्किल है। इंटरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे लोगों को यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि वे प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग करें और शहर को स्वच्छ व प्रदूषण मुक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं।

इनका कहना है

यदि नागरिक कपड़े और जूट के थैलों को अपनाएं तो शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाना संभव है।

वर्षा सोनी

सिर्फ प्रतिबंध लगाने से समस्या खत्म नहीं होगी। जब तक प्रशासन नियमित कार्रवाई और लोग स्वयं जागरूक नहीं होंगे।

देवी सिंह ठाकुर

गैंगस्टर हत्याकांड में जेल से छूटे बदमाश को चाकू से गोदा, किडनैप कर ले गए गुंडे

सरेराह कारें अड़ाकर स्कूटी रोक की वारदात, अस्पताल के बाहर फेंककर भागे

नवभारत, जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत तिलवारा पुल के ऊपर दो कारों से पहुंचे बदमाशों ने कारें अड़ाकर स्कूटी रोकी और दो दोस्तों को चाकू से गोदने के बाद गैगस्टर अनिराज नायडू हत्याकांड में जेल से छूटे बदमाश को किडनैप कर रांझी ले गए इस दौरान कार में भी उस पर हमला किया इसके बाद रांझी अस्पताल के बाहर फेंककर फरार हो गए। बाद में घायल को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक मोहम्मद कामरन अली 24 वर्ष निवासी नया मोहल्ला ओमती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात लगभग 1-30 बजे अपने साथी राहुल शर्मा के साथ उनकी स्कूटी से शेरे पंजाब ढाबा तिलवारा में खाना खाने आया था खाना खाकर रात लगभग 2-30 बजे वापस स्कूटी में घर जाने के लिये निकले थे जैसे ही तिलवारा पुल के ऊपर पहुंचे तभी पीछे से 2 कार आयी। कार अड़ाकर स्कूटी रोक ली गई । कार से अमन कोल, बहत्तर सिंह, निक्की एवं उनके साथी उतरे और विवाद करते हुये उसके एवं उसके साथी राहुल शर्मा के साथ मारपीट करने लगे, अमन ने चाकू से हमलाकर राहुल शर्मा को चोट पहुंचा दी वह बीच बचाव करने लगा तो अमन कोल ने उसके पेट में चाकू मारा। इतने में उसका साथी राहुल शर्मा वहां से भाग गया फिर अमन कोल और उनके साथियों ने उसे जबरन कार में बैठा लिया और उसे रांझी खमरिया तरफ ले गये कार के अंदर अमन एवं अमन के साथियों ने उसे जान से मारने की नियत से हाथ मुक्कों, डंडे एवं चाकू से पीठ कमर, चेहरा, दोनों पैर में मारकर चोट पहुँचाये। उसे रांझी अस्पताल के पास छोड़ दिये ।रांझी में प्राथमिक उपचार के लिए बाद उसे मेडिकल रेफर किया गया।

वर्चस्व की लड़ाई में हुई थी नायडू की हत्या

विदित हो कि वर्चस्व की लड़ाई को लेकर कुख्यात अपराधी छोटू चौबे ने साथियों के साथ मिलकर गोली मारकर गैंगस्टर अनिराज नायडू की हत्या की थी। माढ़ोताल थाना अंतर्गत ग्रीन सिटी कठौंदा कम्पोस्ट प्लांट के पास तालाब में 1 दिसम्बर 2023 को अनिराज नायडू की लाश मिली थी। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया था । मामले में छोटू चौब, कामरान अली, अनुश्रेय राय को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया गया था। टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि नायडू हत्याकांड में कामरान अभी हाल ही में जेल से जमानत पर छूटा है। जिसके खिलाफ एक दर्ज से अधिक अपराध दर्ज है। हमले के पीछे का कारण फिलहाल पता नहीं चल सका है आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

बुजुर्ग महिला का मोबाइल हैक कर खातों से उड़ाए 2.73 लाख

गूगल से डॉक्टर का नंबर निकालना पड़ा महंगा

नवभारत,जबलपुर। संजीवनी नगर थाना अंतर्गत धनवंतरी नगर में रहने वाली महिला को पति की बीमारी का इलाज कराने के लिए डॉक्टर का नंबर गूगल से निकालकर संपर्क करना भारी पड़ गया। शातिर साइबर अपराधियों ने महिला का फोन हैक कर उनके और उनके बेटे के खातों से कुल 2,73,673 रुपये पार कर दिए। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, धनवंतरी नगर निवासी उषा चौकसे (65) के पति बीमार थे। पति के इलाज के लिए उन्हें डॉ. नागपाल के यहाँ अपॉइंटमेंट लेना था। इसके लिए महिला ने गूगल पर डॉक्टर का नंबर सर्च किया और उस पर कॉल किया। फोन उठाने वाले अज्ञात आरोपी ने कहा कि आजकल अपॉइंटमेंट की प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है। उसने झांसा देकर महिला के व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजी और उसमें पति की जानकारी भरने को कहा। जानकारी भरने के बाद आरोपी ने महिला से अपॉइंटमेंट कन्फर्म करने के लिए महज 5 रुपये का ऑनलाइन भुगतान करने को कहा। महिला को कुछ संदिग्ध लगा, इसलिए उन्होंने पैसे ट्रांसफर नहीं किए। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी सिर्फ लिंक पर क्लिक करते ही उनका मोबाइल फोन हैक हो चुका था। मोबाइल में अजीब गतिविधियां देखकर महिला उसे सुधरवाने मोबाइल शॉप भी ले गई, लेकिन वहां 4 घंटे का समय मांगने पर वे फोन वापस ले आईं। साइबर फ्रॉड के डर से महिला ने अपना मोबाइल बंद कर दिया था। जब उन्होंने फोन में दोबारा सिम कार्ड डाला, तो ठगों ने अपना काम शुरू कर दिया। ठगों ने महिला और उनके बेटे के जॉइंट अकाउंट पर हाथ साफ किया और तीन अलग-अलग ट्रांजैक्शन में क्रमशः 95,000 रुपये, 96,673 रुपये और 60,000 रुपये यूपीआई के माध्यम से एक अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर लिए। खातों से कुल 2 लाख 73 हजार 673 रुपये गायब होने के बाद पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

स्कूल में छात्र को सांप ने डसा

जबलपुर। शहर के प्रतिष्ठित क्राइस्ट चर्च स्कूल में शिक्षा के मंदिर को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ 12 वर्षीय छात्र अमजद को कक्षा में पढ़ाई करने के बजाय स्कूल परिसर में घास काटने के लिए मजबूर किया गया। इसी दौरान घास में छिपे एक जहरीले सांप ने बच्चे को डस लिया। स्कूल प्रबंधन ने इस गंभीर लापरवाही को छिपाने की भरसक कोशिश की और परिजनों को सूचित करने के बजाय आनन-फानन में बच्चे को स्कूल यूनिफॉर्म में ही विक्टोरिया अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया। इस मामले में डॉक्टर एस.एस. दाहिया ने पुष्टि करते हुए बताया कि समय पर इलाज मिलने के कारण अब बच्चे की स्थिति सामान्य है। यह घटना स्कूल प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े कर रही है।

सुगम यातायात व परियोजनाओं से शहर विकास को लगेंगे पंख : संदीप

जेडीए अध्यक्ष ने लिया जायजा ठेकेदार की निविदा निरस्त

जबलपुर। सुगम यातायात के साथ परियोजनाएं शहर को नया स्वरूप प्रदान करेगी। इसके साथ शहर विकास को पंख लगेंगे। जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित एवं संचालित योजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्य गुणवत्ता के साथ ही तय समय सीमा में पूर्ण हो यह हमारा प्रयास है, साथ ही जबलपुर शहर के विकास में जेडीए द्वारा जो योजनाएं संचालित की जा रही है उनमें जो कार्य पूर्णता की ओर है उनके पूर्ण होते ही हम योजनाओं को जबलपुर के जनता को समर्पित करेंगे यह बात जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने प्राधिकरण की योजनाओं के विकास कार्यों के निरीक्षण के दौरान कही। जेडीए अध्यक्ष जैन ने प्राधिकरण की योजना क्रमांक 64 एवं 65 के रोड नेटवर्क, कल्वर्ट, ड्रेन एवं पार्को की बाउण्डरी वाल निर्माण कार्य में विलम्ब होने पर निविदाकार की निविदा निरस्त किये जाने भी निर्देशित किया गया । उन्होंने जेडीए की बहुप्रतीक्षित योजना क्रमांक 11 द्वितीय चरण शताब्दीपुरम प्रोजेक्ट 9 स्क्वेयर, 8 एच.आई.जी., योजना क्रमांक 16 लक्ष्मीपुर, योजना कमांक 65 एवं 64 योजना क्रमांक टी.डी.एस.-2 एवं योजना क्रमांक 5/14 गजरथ व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया । संदीप जैन ने जेडीए के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए योजना क्रमांक 11 द्वितीय चरण शताब्दीपुरम प्रोजेक्ट 9 स्क्वेयर, योजना को समय सीमा में कार्य करते हुए मार्च 2027 तक पूर्ण करने एवं परिसर में हरियाली एवं बाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को विकसित करने के साथ अन्य परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

विलंब न हो, 31 मार्च तक प्रोजेक्ट पूर्ण हो

निरीक्षण उपरांत अध्यक्ष द्वारा प्रोजेक्ट को गुणवत्ता के साथ एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने निर्देश जारी करते हुए कहा कि 31 मार्च, 2027 तक पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। इस निर्धारित तिथि तक कार्य पूर्ण कर निविदाकार द्वारा परियोजना को प्राधिकरण को सौंपना होगा। प्रोजेक्ट का रेरा पंजीयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी वैधानिक प्रक्रियाओं में कोई विलंब न हो। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, मु.का.अधि दीपक कुमार वैघ, कार्यपालन यंत्री संजय खरे, शैलेन्द्र चौबे एवं आलोक यादव एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें ।

एक नजर में

माल ढुलाई 419 मिलियन टन से अधिक

जबलपुर, नवभारत। भारतीय रेल ने जून 2026 में 142.21 मिलियन टन माल ढुलाई की, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने में यह आंकड़ा 136.71 मिलियन टन था, जो 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। माल ढुलाई से लगभग 430 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ, जो जून 2025 की तुलना में 3 प्रतिशत अधिक है।जून माह के दौरान कई प्रमुख वस्तुओं की ढुलाई में उत्साहजनक वृद्धि रही। उर्वरक की ढुलाई में 19.1 प्रतिशत, अन्य वस्तुओं में 17.3 प्रतिशत, लौह अयस्क में 9.4 प्रतिशत, घरेलू कोयले की ढुलाई में 4.9 प्रतिशत, कुल कोयले में 3.6 प्रतिशत और क्लिंकर ठोस, गहरे भूरे या काले रंग का पदार्थ जो मुख्य रूप से सीमेंट बनाने के कारखानों में चूना पत्थर और मिट्टी को उच्च तापमान पर गर्म करने पर बनता है, में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों से निरंतर मांग को दर्शाती है। जून 2026 में मजबूत प्रदर्शन वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में दर्ज निरंतर वृद्धि पर आधारित है। इस तिमाही में भारतीय रेल ने 419.08 मिलियन टन माल की ढुलाई की, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 की इसी अवधि में यह 413.05 मिलियन टन थी। इस तिमाही में कई प्रमुख कच्चे माल संवर्ग की ढुलाई में भी उत्साहजनक वृद्धि रही। इनमें लौह अयस्क में 7.44 प्रतिशत, क्लिंकर में 6.54 प्रतिशत और शेष एवं अन्य वस्तुओं की ढुलाई में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 12.16 प्रतिशत की बढोत्तरी हुई भारतीय रेल ने घरेलू कोयला ढुलाई तेज की जिससे जून 2026 के दौरान पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में बिजली संयंत्रों को 7 प्रतिशत अधिक कोयले की आपूर्ति हुई। इससे देश में निर्बाध बिजली उत्पादन को समर्थन मिला।

फोटोग्राफर पर चाकू से जानलेवा हमला

नवभारत,जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत डीबी क्लब के सामने शराब पीने के लिए पैसे देने से मना करने पर एक शातिर बदमाश ने बाइक सवार फोटोग्राफर का रास्ता रोका और उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, न्यू कछियाना घमापुर निवासी सुनील गोटिया (40) पेशे से फोटोग्राफर हैं। बीती रात करीब 8:30 बजे वह अपने दोस्त मनीष नामदेव के साथ उसकी पैशन बाइक पर पीछे बैठकर पचपेढ़ी सिविल लाइंस में फोटोग्राफी के काम से जा रहे थे। सुनील और मनीष जैसे ही मंगल पराग मैदान की तरफ से होते हुए मेन रोड डीबी क्लब के सामने पहुंचे, तभी चुंगी की तरफ से मोटर साइकिल पर शिवा उर्फ विजय रघुवंशी नाम का बदमाश आया। शिवा ने सुनील की बाइक के आगे अपनी गाड़ी अड़ाकर उन्हें जबरन रोक लिया। वह पुरानी रंजिश को लेकर चीखते हुए बोला तुमने पहले शराब पीने के लिए पैसे मांगने पर मना क्यों किया था? इतना कहते ही आरोपी शिवा ने जान से मारने की नीयत से सीधे सुनील की गर्दन पर चाकू से हमला कर दिया।

चोरी की कोशिश, विरोध करने पर दबाया गला

नवभारत, जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत ग्राम लाहौद में एक कलयुगी जीजा ने अपनी ही साली के घर में चोरी की नियत से अलमारी खोलने का प्रयास किया। जब महिला की नींद खुली और उसने विरोध किया, तो आरोपी जीजा ने उसका मुंह और गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम लाहौद निवासी शशि पटेल (52) ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे उसकी छोटी बहन रेखा पटेल का पति रामबरन पटेल और उसका लड़का अमित पटेल निवासी बटरंगी ट्रैक्टर में उड़द और मूंग बेचने के लिए खितौला मंडी आए थे। पीड़िता के बेटे सौरभ पटेल ने भी अपना अनाज उसी ट्रैक्टर में लोड कर दिया था। इसके बाद सौरभ और अमित अनाज बेचने मंडी चले गए, जबकि बहनोई रामबरन पटेल लाहौद स्थित पीड़िता के घर पर ही रुक गया। रात में खाना खाने के बाद रामबरन घर की परछी में लेट गया और शशि पटेल अपने कमरे में सोने चली गईं। रात करीब 12:30 बजे रामबरन दबे पांव शशि के कमरे में घुसा और वहां रखी अलमारी को चोरी की नीयत से खोलने लगा। अलमारी खुलने की आवाज से शशि की नींद खुल गई। जैसे ही शशि ने शोर मचाया, रामबरन ने उसका मुंह और गला दबा दिया। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा, अगर हल्ला करोगी तो जान से खत्म कर दूंगा।

ट्रैक्टर मशीन में आई खराबी, 3 घंटे की देरी से रवाना हुई फ्लाइट

जबलपुर। डुमना एयरपोर्ट पर गुरुवार 2 जुलाई की सुबह जबलपुर से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट पुशबैक ट्रैक्टर मशीन में आई तकनीकी खराबी के कारण करीब तीन घंटे की देरी से रवाना हुई। विमान समय पर रनवे तक नहीं पहुंच सका, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। बार-बार फ्लाइट में बैठाने और फिर नीचे उतारने से नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया और एयरलाइन प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई। बताया जाता है कि विमान को पार्किंग बे से रनवे तक ले जाने के लिए इस्तेमाल होने वाली पुशबैक मशीन (पुशबैक ट्रैक्टर) अचानक तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। दरअसल, बड़े यात्री विमानों में कार की तरह रिवर्स गियर नहीं होता, इसलिए वे टर्मिनल पर खड़े होने के बाद खुद पीछे नहीं जा सकते। ऐसे में यही पुशबैक ट्रैक्टर विमान के अगले पहिए (नोज व्हील) से जुड़कर उसे सुरक्षित तरीके से पीछे धकेलता है, ताकि विमान टैक्सीवे के जरिए रनवे तक पहुंचकर उड़ान भर सके। इस मशीन में खराबी आने पर विमान अपनी पार्किंग से बाहर नहीं निकल पाता और उड़ान प्रभावित हो जाती है।

बैठाया, फिर उतारा, भड़के फ्लायर्स

इस खराबी के कारण एयरलाइन ने यात्रियों को पहले विमान में बैठाया, फिर तकनीकी कारणों का हवाला देकर वापस टर्मिनल में उतार दिया। कुछ समय बाद दोबारा बोर्डिंग कराई गई, लेकिन उड़ान फिर भी शुरू नहीं हो सकी। इस पूरी प्रक्रिया के कई बार दोहराए जाने से यात्रियों का धैर्य जवाब दे गया और उन्होंने एयरपोर्ट पर विरोध जताते हुए एयरलाइन से स्पष्ट जानकारी देने की मांग की। करीब तीन घंटे बाद तकनीकी खराबी दूर होने पर विमान को रनवे तक ले जाया गया और इसके बाद फ्लाइट दिल्ली के लिए रवाना हो सकी।

रेलवे अधिकारी पति समेत जेठ, नंदोइ के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जेठानी से अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी को जबरन खिलाईं नींद की गोलियां

नवभारत,जबलपुर। सिविल लाइन में रेलवे में डिप्टी सीटीआई के पद पर तैनात पति ने न सिर्फ चरित्रहीनता की सारी हदें पार कर दीं, बल्कि विरोध करने पर अपनी पत्नी को जबरन नींद की गोलियां खिलाकर मौत के मुंह में धकेलने की कोशिश की। पुलिस ने मामले में पति सहित जेठ और नंदोई के खिलाफ विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सिविल लाइन निवासी 38 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका विवाह 1 दिसंबर 2016 को झांसी उत्तर प्रदेश निवासी वीर सिंह बुंदेला के साथ सामाजिक रीति-रिवाजों से हुआ था। विवाह के बाद से ही पति वीर सिंह शादी में कोई सामान लेकर नहीं आई का ताना मारकर उसे लगातार शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। इस बीच पीड़िता को पता चला कि उसके पति के उसकी सगी जेठानी के साथ अवैध संबंध हैं। जब पीड़िता ने इस अपवित्र रिश्ते का विरोध किया, तो पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। गत शाम करीब 7 बजे आरोपी वीर सिंह घर पर किसी अज्ञात महिला से फोन पर छुपकर बात कर रहा था। पत्नी ने जब इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपी विवाद करने लगा। इसी बीच पत्नी ने अपने गले में दर्द होने की बात कही, जिस पर पति ने तैश में आकर उसे जबरदस्ती नींद की गोलियां खिला दीं।

डायल 112 ने बचाई पीड़िता की जान

नींद की गोलियों के ओवरडोज के कारण जब महिला का सिर घूमने लगा और उसकी हालत बिगड़ने लगी, तो उसने डायल 112 पर कॉल कर दिया। पुलिस के पहुंचते ही आरोपी पति के हाथ-पैर फूल गए। वह आनन-फानन में महिला को लेकर रेलवे अस्पताल भागा, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल ओमेगा अस्पताल रेफर कर दिया। होश आने पर पीड़िता ने अपने भाई को बुलाकर पूरी आपबीती सुनाई। अस्पताल से डिस्चार्ज होकर जब पीड़िता घर पहुंची, तो वहां पहले से मौजूद उसके जेठ कुंवर सिंह बुंदेला और नंदोई संजय कुमार ने उसे घेर लिया। दोनों ने पीड़िता को डराते-धमकाते हुए कहा कि अगर उसने पुलिस में कोई भी कानूनी कार्रवाई की, तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। धमकी से बिना डरे पीड़िता ने सीधे सिविल लाइन थाने पहुंचकर आरोपी पति वीर सिंह बुंदेला, जेठ कुंवर सिंह और नंदोई संजय कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

सो रही महिला के ऊपर छप्पर से गिरा सात फीट लंबा सांप

जबलपुर। गोहलपुर थानांतर्गत अमखेरा निवासी इमरती बाई ठाकुर (58) दोपहर तीन बजे अपने कच्चे खपरैल मकान में सो रही थी तभी एक सात फीट लंबा सांप चूहे पकड़ने के चलते संतुलन खो बैठा और नीचे सो रही महिला के ऊपर गिर पड़ा और उछल कर रसोई कक्ष में प्रवेश कर गया। इसके बाद महिला हड़बड़ा कर बाहर आ गई। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने रैस्क्यू करते हुए सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। पकड़ा गया सांप धामन प्रजाति का था।

जलभराव से निपटने मैदान में उतरी नगर निगम टीम

जबलपुर। मानसून की आमद के साथ ही नगर निगम ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अपनी पूरी टीम लगा दी गई है। नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए निगम के स्वच्छता मित्र और तकनीकी टीमें दिन-रात सजगता से मुस्तैद हैं। निगम निगम द्वारा शहर के सभी मुख्य नालों और वार्डों की नालियों की सफाई का अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। कचरा, प्लास्टिक और गाद को हटाने के लिए आधुनिक मशीनों के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों की विशेष टीमें तैनात की गई हैं। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि जल निकासी की व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया गया है ताकि भारी बारिश के दौरान भी पानी सड़कों पर जमा न हो और तेजी से निकल सके। निगमायुक्त अहिरवार ने बताया कि मुख्यालय से लेकर संभागीय कार्यालयों तक सभी लोग अलर्ट हैं। उन्होंने बताया कि जल प्लावन की स्थिति से निपटने और नागरिकों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए निगम मुख्यालय सहित सभी संभागीय कार्यालयों में कंट्रोल रूम स्थापित की गई हैं। कंट्रोल रूम के माध्यम से जलभराव वाले संभावित संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

निजी अस्पतालों, क्लीनिकों और डायग्नोस्टिक सेंटर्स में स्टाफ की नियुक्ति के पूर्व सत्यापन अनिवार्य

जबलपुर। जिले के सभी निजी चिकित्सालयों, क्लीनिकों, डायग्नोस्टिक सेंटरों एवं अन्य स्वास्थ्य सेंटर्स को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी चिकित्सा एवं पैरामेडिकल कर्मचारी की सेवाएं लेने से पूर्व उनका पुलिस सत्यापन, चरित्र सत्यापन, शैक्षणिक योग्यता एवं पंजीयन का सत्यापन अनिवार्य रूप से करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी इस निर्देश में कहा गया है कि प्रत्येक स्वास्थ्य संस्था के संचालक को चिकित्सक, दंत चिकित्सक, आयुष चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का नियुक्ति के समय आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करनाअत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्हें संबंधित चिकित्सक या कर्मचारी का मध्यप्रदेश मेडिकल काउंसिल या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, डेंटल काउंसिल, मध्यप्रदेश नर्सिंग काउंसिल, पैरामेडिकल काउंसिल, होम्योपैथी काउंसिल, फार्मेसी या आयुष काउंसिल जैसे वैधानिक परिषद से उनके पंजीयन का सत्यापन करना भी सुनिश्चित करना होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि निर्देश का पालन करना प्रत्येक संस्थान संचालक की व्यक्तिगत एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी है। यदि बिना आवश्यक सत्यापन और वैध पंजीयन के किसी व्यक्ति को नियुक्त किया जाता है, तो इसे गंभीर अनियमितता माना जाएगा।

परेशानी नियमित सफाई के बावजूद सड़क किनारे कचरे का अंबार, नालियों में जमा गंदगी और बहता दूषित पानी

गंदगी और जाम नालियों से लोग परेशान

नवभारत , जबलपुर । शहर के एक प्रमुख बाजार (करमचंद चौक मढ़ाताल) और रिहायशी क्षेत्र में सड़क किनारे कचरे के ढेर, जाम नालियां और बहता गंदा पानी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सफाई कर्मचारी नियमित रूप से आते हैं, लेकिन सफाई हो जाने के बाद फिर से वही गंदगी पैदा हो जाती है। नालियों की गहराई से सफाई नहीं होने और कचरे का पूरी तरह उठाव न होने के कारण कुछ ही दिनों में स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है।

सड़क किनारे कचरे का अंबार

प्लास्टिक, पॉलीथिन, घरेलू कचरा, टूटे हुए ईंट-पत्थर और अन्य अपशिष्ट सड़क किनारे खुले में पड़े दिखाई दे रहे हैं। इससे न केवल गंदगी फैल रही है बल्कि राहगीरों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के मौसम में बढ़ी चिंता

बरसात के दौरान जाम नालियों के कारण जलभराव की संभावना बढ़ जाती है। सड़क पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में कठिनाई होती है और दुकानों के सामने भी पानी जमा होने की आशंका रहती है।

इनका कहना है

नालियों के अंदर जमा गंदगी और कचरा नहीं निकाला जाता, इसलिए कुछ ही समय बाद फिर वही स्थिति बन जाती है। बारिश के दिनों में बदबू और गंदा पानी हमारी परेशानी और बढ़ा देता है।

रमेश कुमार
स्थानीय दुकानदार

सफाई व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। अगर नालियों की समय-समय पर डीप क्लीनिंग हो और कचरा तुरंत उठाया जाए, तो यहां की स्थिति काफी बेहतर हो सकती है।

आकाश सोनी
स्थानीय दुकानदार